हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री


12 पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने की मोक्ष की कामना


12 होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



N N Sharma
Director

शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता
WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND
ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)
Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports
GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129


Sukeerti Sharma
Principal


## खबर संक्षेप

### 590 ग्राम गांजा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब के निकट एक व्यक्ति के कब्जे से 590 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना पुलिस गांव धमतान साहिब में अपराध रोकने के लिए फूलिया कला रोड पर नजर रखे हुए थी। उसी दौरान कालवन माइनर के साथ एक व्यक्ति रेलवे रोड से आता दिखाई दिया।

### कार की चपेट में आने से पिता और बेटी घायल

**कैथल।** कैथल के खुराना रोड पर कार की चपेट में आने से पिता और बेटी घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। अर्जुन नगर के अशोक ने शहर पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 मार्च को शाम के समय जब वह बेटी के साथ मंदिर जा रहा था तो खुराना चौक के निकट पहुंचा तो अलटो चालक ने गाड़ी को तेज चलते उसे तथा उसकी बेटी को चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव भीखेवाला के निकट नरवाना की तरफ तेज रफ्तार परिवहन समिति बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भीखेवाला निवासी कृष्ण ने पुलिस को शिकायत दी है।

### कातिलाना हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** जमीनी विवाद के चलते कातिलाना हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी काबू किया है। इस मामले में थाना सीवन पुलिस के एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने जांच करते पाबसर निवासी आरोपी धर्मसिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पाबसर निवासी जरनैल सिंह ने शिकायत दी थी।

### ठगी का आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

**कैथल।** इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी काबू किए। अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया। इस मामले में थाना साइबर क्राइम प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की टीम ने जांच करते जाहवला जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी आरोपी शिवम कुमार व सूरतगढ़ जिला गंगानगर राजस्थान निवासी मानवजीत को लखुवाली सूरतगढ़ राजस्थान से काबू कर लिया गया।

### चोरों ने लाखों रुपये का सामान चुराया

**कैथल।** शहर की महादेव कॉलोनी से चोर लाखों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। महादेव कॉलोनी के दीपक कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 मार्च को दिन दिहाडे चोर उसके घर में घुसकर वहां पर रखे सोने में चांदी के जेवरात तथा 60000 की नकदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत 3 लख 50 हजार रुपये बताई गई है।

### लूट की झूठी वारदात रचने का आरोपी काबू

**कैथल।** चालक की ओर से लूट की झूठी वारदात बताकर 1.09 लाख रुपये हड़पने के मामले में सीआईए-वन पुलिस ने आरोपी काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धनौरी निवासी महाबीर सिंह ने शिकायत दी थी कि उनकी गांव में ही खल मिल है। मिल में पिकअप गाड़ी किराए पर लगी हुई।

---

### जींद में डिप्टी सिविल सर्जन के आठ पद लेकिन एक ही मौजूद

# खुशखबरी : जींद जिले को मिले सैंतीस चिकित्सक, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

### 21 को जींद में, पांच को नरवाना, चार को उचाना, छह को सफीदों तथा एक को जुलाना में ज्वायनिंग

## जिले में आठ सीएचसी, पच्चीस पीएचसी और 185 हैल्थ सेंटर


**जींद।** नागरिक अस्पताल में चिकित्सक के कमरों के बाहर लगी मरीजों की भीड़। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला के लोगों के लिए खुशखबरी है। जींद की स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा होने जा रहा है। नई भर्ती से जींद स्वास्थ्य विभाग को कुल 37 चिकित्सक मिले हैं। इन 37 चिकित्सकों में से 21 चिकित्सकों को जींद अस्पताल में ज्वायनिंग मिली है। जबकि पांच को नरवाना, चार को उचाना में, छह को सफीदों तथा एक को जुलाना में ज्वायनिंग मिली है। इन चिकित्सकों के ज्वायन करने से स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ होंगी। हालांकि जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां चिकित्सकों की कुल 55 पोस्ट हैं लेकिन 23 चिकित्सक ही काम कर रहे हैं।

जबकि 32 पोस्ट खाली थी। इसी तरह नरवाना नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की 42 पोस्ट हैं लेकिन पांच चिकित्सक ही काम कर रहे थे और 37 चिकित्सकों के पद खाली रहे। इसी तरह सफीदों नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के 11 पद हैं और केवल दो चिकित्सक ही काम कर रहे हैं। जबकि नौ पद खाली रहे। उचाना नागरिक अस्पताल में भी चिकित्सकों के 11 पद हैं लेकिन दो चिकित्सक ही काम संभाले हुए थे। यहां भी नौ पद खाली रहे। ऐसे में जींद जिला को 37 चिकित्सक मिलने से विभाग को काफी राहत मिलेगी। इन चिकित्सकों को वैकेंट पोस्ट के आधार पर ज्वायन करवाया जाएगा। जींद अस्पताल की बात की जाए तो ओपीडी 1600 से 1800 के बीच होती है। ऐसे में उम्मीद है कि चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे जींद को नए चिकित्सक उपलब्ध होने से स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरीन होंगी। **डिप्टी सिविल सर्जन के पद भी खाली :** जींद की बात की जाए तो डिप्टी सिविल सर्जन के आठ पद हैं लेकिन एक ही डिप्टी सिविल सर्जन मौजूद है। सात सिविल सर्जन के पद रिक्त हैं। इसी तरह डिप्टी सिविल सर्जन डेंटल का एक पद है, जोकि मौजूद है। वहीं एसएमओ की बात की जाए तो जींद अस्पताल में पांच पद हैं। जिनमें से चार पर एसएमओ कार्यरत हैं जबकि एक पद रिक्त है। इसी तरह नरवाना में तीन पद हैं। एक भरा हुआ है और दो पद रिक्त हैं। सफीदों में एक ही एसएमओ चाहिए और वो भरा हुआ है।

उचाना अस्पताल में में भी दो एसएमओ चाहिए वो भी भरे हुए हैं। इसी तरह एमएस के जींद अस्पताल में दो पद हैं। इनमें से एक पद पर एमएस कार्यरत है जबकि एक पद रिक्त है। जींद जिला की बात की जाए तो सीएचसी से लेकर पीएचसी तक चिकित्सकों के पद रिक्त हैं। अब विभाग को 37 चिकित्सक नए मिले हैं। जिनसे सीएचसी, पीएचसी स्तर पर काम लिया जाएगा। जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं भी बढेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

#### स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरीन होंगी


नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि विशेषज्ञों व चिकित्सकों की कमी के बावजूद भी जितनी सुविधाएं उपलब्ध थी, उनके माध्यम से चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है। अब 37 चिकित्सक जिला को मिले हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरीन होंगी।

#### जिले का आंकड़ा

| | |
|---|---|
| जिले में नागरिक अस्पताल | 4 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र | आठ |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 25 |
| डाक्टरों के स्वीकृत पद | 222 |
| जिले में तैनात डाक्टरों के पद | 88 |
| चिकित्सकों के खाली पद | 134 |
| जिले की जनसंख्या | 14 लाख |

#### निर्माण से लेकर अबतक चिकित्सकों की कमी रही

जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। उस समय से लेकर आजतक जिले में चिकित्सकों की कमी कभी भी दूर नहीं हुई। जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां 55 चिकित्सकों की आवश्यकता है लेकिन इस समय सिर्फ 18 चिकित्सक काम कर रहे हैं।

#### स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी

जिला मुख्यालय पर 200 बैड का अस्पताल बना हुआ है। वहीं, सफीदों, नरवाना व उचाना सब डिविजन पर 100-100 बैड के अस्पताल हैं। उधर, जुलाना, पिल्लूखेडा, अलेवा, उझाना समेत 8 स्थानों पर सीएचसी बनाई हैं। वहीं जिले में 25 पीएचसी बनाई हैं और 185 हैल्थ सेंटर बनाए है। जिन पर लोगों को नजदीक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने का जिम्मा है। सामुदायिक केंद्रों पर एक-एक चिकित्सक की नियुक्ति की है जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एमपीएचडब्ल्यू के सहारे चल रही है। स्पेशलिस्ट चिकित्सकों व अन्य की कमी को लेकर स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिना चिकित्सकों के मरीजों को कैसे स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।

---

## कैथल : 4 चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्र व 16 जिला नागरिक अस्पताल में करेंगे इलाज

- मरीजों को होगा फायदा, इलाज के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिलावासियों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने वाली हैं। उन्हें अब इलाज के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिले में स्वास्थ्य विभाग में 20 नए चिकित्सक मिले हैं। इन 20 डॉक्टरों में से चार ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल व अन्य 16 चिकित्सक जिला नागरिक अस्पताल में कार्यरत होंगे। इन चिकित्सकों की नियुक्ति के बाद अब जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सक की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। जबकि अस्पताल में स्वीकृत पदों की संख्या 56 हैं। नए डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की तरफ से जारी किए पत्र के माध्यम से दी गई है। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोग अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं, कई ओपीडी में चिकित्सकों के नियमित रुप से सीट पर नहीं बैठने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। **करना पड़ता है लंबा इंतजार :** बता दें कि अब तक नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में सभी चिकित्सकों की नियुक्ति न होने के कारण जिलावासियों को इलाज के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। यदि नागरिक अस्पताल की बात करें तो यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को भी अपने इलाज व अल्ट्रासांउड के लिए कई-कई दिन का इंतजार करना पड़ रहा था। चिकित्सक कम होने के कारण पूर्व में कार्यरत चिकित्सकों पर भी ओवरलोड कार्य रहता था।

#### मरीजों को होगा लाभ

जिला सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि जिले में कुल 20 नए चिकित्सक मिले हैं। इसमें 14 जिला नागरिक अस्पताल, एक-एक गुहला और दो कलायत के सरकारी अस्पताल में मिलें है। जल्द ही यह चिकित्सक अपनी नियुक्त लेंगे। इन चिकित्सकों की नियुक्ति से अस्पताल में आने वाले मरीजों को फायदा होगा तथा उन्हें जल्द उपचार मिलेगा।

#### चिकित्सक का नाम, अलॉट स्टेशन

| | |
|---|---|
| 01. सुमन गर्ग | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 02. सिद्धांत | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 03. अकांशा | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 04. हिमांशु | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 05. किरण कुमारी | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 06. सुंदर लाल | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 07. अर्जुन चोपड़ा | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 08. हुकम सिंह | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 09. आरती | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 10. लक्की यादव | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 11. यशवीर सिंह | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 12. विजय यादव | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 13. सुमित गर्ग | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 14. साहिल कुमार | जिला नागरिक अस्पताल, कैथल। |
| 15. भावना रानी | नागरिक अस्पताल, कलायत। |
| 16. हिमांशु वर्मा | नागरिक अस्पताल, कलायत। |
| 17. पूजा रानी | नागरिक अस्पताल, गुहला। |
| 18. अनूप रंगा | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कौल। |

---

## बालियां छीनने के दो दोषियों को 10-10 साल की कैद और 25-25 हजार जुर्माना

- जुर्माना न देने पर दो महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सेशन जज रितु वाईके बहल की अदालत ने महिला के कानों से सोने की बालियां छीनने के दो दोषियों को 10-10 साल की कैद और 25-25 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दो महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में जयपाल निवासी चीका ने 28 जून 2021 को थाना चीका में धारा 379-बी आईपीसी के तहत मुकदमा नंबर 179 दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी जसवीर ढांडा ने की। जसवीर ढांडा ने बताया कि शिकायतकर्ता जयपाल की पत्नी गुरमीतो 28 जून को चीका मंडी से अपने घर लौट रही थी। दोपहर को जब गुरमीतो बाबा सन्तरा के स्थान के सामने पहुंची तो पीछे से एक गाड़ी आई, उसमें से एक लडका उतरा और दूसरे लडके ने गाडी स्टार्ट रखी। वह लडका गुरमीतो के कान से बाली छीन कर गाड़ी में बैठ भागने लगा तो गुरमीतो ने शोर मचा दिया जिससे वहां काफी लोग इकट्ठे हो गए। इस बीच उनकी गाड़ी गली मे फंस गई। उनमें से बाली छीनने वाला लडका मौके से भाग गया जबकि दूसरा गाड़ी समेत पकड़ा गया। उसकी पहचान हर्षदीप निवासी अंबसरिया डेरा खरकडा के रूप में हुई। हर्षदीप ने भागने वाले लडके का नाम गोपी निवासी गुहला बताया। बाली छीनने से गुरमीतो का कान भी फट गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार कर चालान अदालत के सुपुर्द कर दिया। दोनों पक्षों को गौर से सुनने के बाद सैशन जज रितु वाईके बहल ने हर्षदीप और गोपी को बालियां छीनने का दोषी पाया तथा अपने 22 पेज के फैसले में दोनों को 10-10 साल के कारावास और 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

---

## दुकान में लाखों रुपये का सामान जलकर राख

### फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

- आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नही लग पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


**जुलाना।** आग लगने से दुकान में जला सामान। *फोटो :हरिभूमि*

जुलाना कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में चौकी के पास किरयाणा की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों की सहायता से फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। आग पर काबू पाने से पहले लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। किरयाणा स्टोर के मालिक विनय कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात को करीब अढाई बजे आसपास के दुकानदारों जो अपने घरों में सो रहे थे, उन्होंने दुकान से धुआं उठता दिखाई दिया तो उन्होंने उसे सूचना दी। सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नही लग पाया है। लोगों का कहना है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है।

#### डेढ़ महीने में लगातार दूसरी घटना: सुनील

पुरानी अनाजमंडी में आग लगने की डेढ़ माह में दूसरी घटना है। 21 फरवरी की रात को सुनील कुमार के गोदाम में भी आग लग गई थी। आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ था।

---

### ठंडू नाथ डेरे ने दी गांववासियों को बड़ी सौगात

# गांव कैलरम में बनेगा शानदार मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल।** बाबा ठंडू नाथ डेरे की जमीन पर कन्याओं के हाथों भूमि पूजन करवाते।

गांव कैलरम और इसके आस-पास लगते ग्रामीणों को बाबा ठंडू नाथ डेरे की ओर से बड़ी सौगात मिली हैं। बता दें कि गांव कैलरम के ठंडू नाथ डेरे के पास बात्ता रोड पर डेरे की तकरीबन 60 एकड़ जमीन लगती है। जिस पर काफी समय से डेरे के महंत बाबा बालकनाथ और समस्त गांव का ये विचार था कि डेरे की भूमि का उपयोग गांव और गोहांड के सामाजिक व शैक्षणिक कार्यों को लेकर भी किया जाए। उसी दिशा में एक शानदार एजुकेशनल संस्थान बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया। बाता रोड पर मौजूद खेतों में गांव की 9 कन्याओं के हाथों से शुभ कार्य की शुरूआत की । गौरतलब हो कि डेरे की ओर से बाबा ठंडू नाथ की याद में हर साल 27 मार्च को गांव में गरीब कन्याओं की शादी, मेले और भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। अब 27 मार्च को भी कैलरम-तितरम और डेरे के सहयोग से 6 गरीब कन्याओं की शादी करवाई है। इसके अलावा गांवों के लिए आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी की शुरूआत डेरे द्वारा की जाएगी। गांव के अंदर ही लड़के-लड़कियों के लिए एजुकेशनल संस्थान बनने से गांव और आस - पास के क्षेत्र के बच्चों को हॉयर एजुकेशन के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### राशि एकत्रित कर रखी नींव

बता दें कि जैसे ही महंत द्वारा 60 एकड़ जमीन शैक्षणिक संस्थान के लिए दी तो इसी दिशा में ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर राशि एकत्रित करते हुए यहां पर भवन का नींव कार्य भी करवा दिया। ऐसा बताया जा रहा है कि यदि आसपास के लोग भी इसमें दान के लिए आगे आएं तो जल्द ही यहां पर शैक्षणिक स्थल का विशाल भवन बनकर तैयार होगा।

---


**जींद।** मंडी का निरीक्षण करते प्रधान सचिव। *फोटो :हरिभूमि*

#### पिल्लूखेड़ा अनाजमंडी का किया निरीक्षण

**जींद।** गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। इसे लेकर श्रम विभाग के प्रधान सचिव एवं प्रशासनिक सचिव राजीव रंजन ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में व्यवस्थाओं को लेकर कोताही को कतई सहन नहीं किया जाएगा और किसानों को मंडियों फसल बिक्री के कार्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं चाहिए। हरियाणा श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन शनिवार को पिल्लूखेड़ा की अनाज मंडी में प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों का जायजा ले रहे थे। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन और अन्य खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरसों व गेहूं के खरीद कार्य को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी करें। प्रधान सचिव ने खासतौर पर भंडारण (स्टोरेज) की बेहतर योजना बनाने पर जोर दियाए ताकि पीक सीजन के दौरान अनाज की लिफ्टिंग को लेकर किसानों व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### तीन विद्यार्थियों का हुआ नवोदय स्कूल में चयन

**जींद** । अशोका विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ के तीन विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। स्कूल संचालिका सुमन सुनील खटकड़ ने बताया कि महम पुत्री रामदिया ने जिले भर में दूसरा भगत सिंह पुत्र भूपेंद्र ने 30वां एवं दिपांशु पुत्र जोगिंद्र ने 60वां स्थान प्राप्त किया। शिक्षा, खेल के क्षेत्र में निरंतर स्कूल के विद्यार्थी स्कूल का नाम रोशन कर रहे है।

### विधायक देवेंद्र अत्री का उचाना दौरा एक से

**जींद**। उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एक अप्रैल को उचाना हलके के विभिन्न गांव के दौरे करेंगे। भाजपा कसूहन मंडल संयोजक संदीप चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि डूमरखा खुर्द गांव से दौरे की शुरूआत होगी। डूमरखा कलां, झील, डोहाना खेड़ा, मंगलपुर, सुरबरा, नचार खेड़ा, दुर्जनपुर, उदयपुर, काकड़ोद, मखंड, बुडायन, भौंगरा, खापड़, बड़ौदा, खटकड़ के दौरे विधायक करेंगे।

### माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ आज

**जींद**। नव संवत्सर के शुभारम्भ व चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में माता वैष्णवी धाम में रविवार से जन-जन के कल्याणार्थ नवार्ण महायज्ञ का श्रीगणेश होगा। छह अप्रैल तक जारी रहने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन में नित्यप्रति नौ यजमानों से रात्रि के प्रथम प्रहर में मां वैष्णवी की पूजा, अर्चना विधिविधानपूर्वक संपन्न करवाई जाएगी।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद**। इस्माइलपुर रोड नरवाना से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस्माइलपुर रोड नरवाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पुत्रवधु घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पुत्रवधु का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो ड्रमों से 190 लीटर लाहण बरामद

**जींद**। सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव सुदकैन खुर्द में छापेमारी कर मकान की छत पर बने बाथरूम में रखे दो ड्रमों से 190 लीटर लाहण बरामद की है। जिससे कच्ची शराब तैयार की जानी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सुदकैन खुर्द निवासी हैप्पी अवैध शराब का कारोबार करता है। जो कच्ची शराब निकालने की तैयारी कर रहा है।

### वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

नरवाना। शाइनिंग स्टार्स विधालय का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें बच्चे हरियाणावी पंजाबी,व देश भक्ति हिन्दी कार्यक्रमो में बड़ी उत्सुकता से भाग लिया। विद्यार्थियों अभिभावकों एसमस्त अध्यापक अध्यापिकाओ में खुशी व उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि के तोर पर करने प्रताप बेदी प्रदीप मोर चेयरमैन स्वतंत्र समूह सेवा समिति अशोक गर्ग ;कमिश्नर नगर निगम गुरुग्रामद्ध अमित सरपंच धरोदी मौजूद रहे।

### नौ दिन मीट की दुकानें बंद रखवाए प्रशासन

**जींद**। जैन सभा प्रधान पीसी जैन ने ने कहा कि 30 मार्च रविवार से हिंदू धर्म का नव वर्ष नवरात्र शुरू हो रहे हैं। हिंदू संगठनों ने एसडीएम के माध्यम से हरियाणा सरकार से इन नौ पवित्र दिनों में मीट की दुकानें व बूचडख़ाने बंद रखने की अपील की है। यह मांग कोई गलत नही है।

### सरकारी स्कूलों में हुए कार्यक्रम

**जींद**। पंजाब नेशनल बैंक के जींद मंडल ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियों के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम रावमावि रूपगढ़ व रावमावि मखंड में आयोजित हुआ। बैंक के जींद मण्डल प्रमुख सरवेंद्र सिंह, अग्रणी जिला प्रमुख अनुपम , बुडायन शाखा प्रमुख बारुराम व जींद मेन ब्रांच से सीनियर मैनेजर धीरेन्द्र पाठक ने भाग लिया।

## चैत्र अमावस्या पर किया पिंडदान

# पवित्र सरोवर में डुबकी लगाकर श्रद्धालुओं ने की मोक्ष की कामना

### मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीदारी, पुलिसबल रहा तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शनिवार को चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके तर्पण किया। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। शनिवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू किया। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। चैत्र माह की अमावस्या शनिवार को रही। जिसके चलते इस अमावस्या को शनि अमावस्या भी कहा गया। वहीं सूर्य ग्रहण का संयोग भी रहा लेकिन ग्रहण भारत में दिखाई नही देने के चलते इसका सूतक काल लागू नही हुआ। बावजूद इसके शनि अमावस्या पितृ दोष मुक्ति के लिए बेहद अहम थी। क्योंकि शनि अमावस्या को पितरों की कृपा पाने के लिए महत्वपूर्ण मानी जाता है। इस दिन पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसीलिए शनिवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पिंडारा तीर्थ पहुंचे और स्नान कर पितृ तर्पण किया। तीर्थ पर पुलिसकर्मी पूरा दिन तैनात रहे। महिला घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई थी। घाटों पर आटे के पिंडों के कारण फिसलन पैदा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए घाटों पर पिंड डालने के लिए विशेष व्यवस्था रही। वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की तरफ पुलिस प्रशासन ने विशेष ख्याल रखा। पिंडारा तीर्थ पर अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे।


जींद। पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि


जींद। पिंडारा तीर्थ पर शनि अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।

## फूलपति 24 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

■ फूलपति ने मानव सेवा के कार्य को बखूबी किया : डा. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल से वरिष्ठ स्वास्थ्यकर्मी फूलपति 24 साल के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत हुई। सेवानिवृति पर विभागीय अधिकारियों व कर्मियों द्वारा सेवानिवृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. मंजू सिंगला सहित अन्य कर्मी शामिल हुए। सभी ने फूलपति को उनके द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दी गई सेवाओं के लिए प्रोतसाहित किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया के दिशा-निर्देशन में हुआ। हालांकि फूलपति की ज्वायनिंग 25 अप्रैल 1995 को नपा जींद में हुई थी। बाद में उन्होंने पांच फरवरी 2001 को अपनी ट्रांसफर स्वास्थ्य विभाग जींद में करवा ली थी। डिप्टी एमएस डा. भोला ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा कोई पेशा नही है। यह एक मानव सेवा है। फूलपति ने इस मानव सेवा को बहुत ही बेहतरीन तरीके से निभाया। उनको स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा जो भी दायित्व सौंपा उन्होंने इसे बूखबी निभाया। उन्होंने भविष्य के लिए फूलपति को बधाई दी। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि फूलपति ने जिस तरह से डयूटी के प्रति अपने दायित्व को निभाया है।


जींद। फूलपति को सेवानिवृति पर स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। बैठक करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### रोडवेजकर्मियों की मांगों को पूरा करे सरकार

**जींद**। हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक जींद डिपो में स्थित यूनियन कार्यालय में राज्य प्रधान जगदीप लाठर की अध्यक्षता में हुई। संचालन राज्य महासचिव चमन लाल स्वामी ने किया। जगदीप लाठर ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों को हर डिपो में कार्य करते कई समस्या आ रही हैं। इसमें किमी अधिक तय करना समय पर रात्रि ठहराव नहीं मिलना, एसीपी का लाभ समय पर नही मिलना मुख्य रूप से शामिल हैं। कहा कि सरकार अगर समय रहते उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं देती है तो रोडवेज कर्मचारी 3 अप्रैल से भूख हड़ताल करेंगे। जिसमें से जींद डिपो के कर्मचारी 24 अप्रैल को भूख हड़ताल करेंगे। फिर भी सरकार रोडवेज कर्मचारी की जायज मांगों को धरातल पर लागू नही किया जाता तो आठ जून को परिवहन मंत्री के गृह क्षेत्र अंबाला में रोडवेज कर्मचारी न्याय मार्च निकालेंगे।

### रामकेश जीवनपुरिया का कंडेला खाप ने किया सम्मान

**जींद**। हरियाणा में गन कल्चर के गानों पर शुरू विवाद के बीच कंडेला खाप ने रामकेश जीवनपुरिया को शनिवार को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कंडेला खाप के प्रधान धर्मपाल कंडेला, सर्वजातीय खाप के राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला, सरपंच अनूप, जयपाल शाहपुर समेत खाप के सभी गांवों से मौजिज लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कंडेला खाप ने रामकेश जीवनपुरिया को पगड़ी पहनाई और दादा लखमीचंद की प्रतिमा भेंट की और 11 हजार रुपये के साथ सम्मानित किया।

गौरतलब है कि रामकेश जीवनपुरिया ने हरियाणवी संस्कृति पर कई सुपरहिट गाने दिए हैं। अच्छा और साफ. सुथरा गाने को लेकर रामकेश जीवनपुरिया का नाम हरियाणा के कलाकारों में अव्वल है। 2006 में हट जा ताऊ पाछे ने और 2015 में पहले आली हवा रही ना पहले आला बाणा जैसे गाने रामकेश जीवनपुरिया ने दिए हैं।

### स्कूल का भ्रमण किया

**सफीदों**। नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में स्थापित विज्ञान, गणित और सोशल साईंस पार्क की चर्चा पूरे हरियाणा में हो रही है, जहां खेल-खेल में बच्चों में विज्ञान और गणित के प्रति रुचि पैदा की जाती है। इस माहौल का अनुभव करने के लिए शनिवार को गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल ढिगाना के विज्ञान स्ट्रीम के विद्यार्थियों का एक समूह डा. प्रीति के मार्गदर्शन में पार्क का भ्रमण करने पहुंचा। साथ ही, राजकीय वमावि गांगोली के विद्यार्थियों ने भी स्कूल का भ्रमण किया। मेजबान स्कूल के प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने दोनों स्कूलों के समूहों का अभिनंदन किया। विभिन्न लैब्स और इंटरैक्टिव मॉडल्स का अवलोकन करते समय, बायोलॉजी प्राध्यापक पवन कुमार व फिजिक्स प्राध्यापक राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को सभी मॉडल की बारीकी से जानकारी दी।


सफीदों। स्कूल में भ्रमण करने पहुंचे बच्चे व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि


जींद। हिंदू कालेज में वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### तनाव प्रबंधन पर वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम

**जींद**। हिंदू कन्या कालेज की मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण समिति ने मस्तिष्क मायने रखता है। शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर एक वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की और यह कार्यक्रम समिति प्रभारी क्रांति के स्वागत संवाद के साथ प्रारंभ हुआ। सत्र की मुख्य वक्ता दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रो डा. उर्मिला पंघाल रही। आज के तेजी से बढ़ते शैक्षणिक वातावरण में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण पहलू पर जोर दिया। डा. पंघाल ने अकादमिक तनाव प्रबंधन, भावनात्मक लचीलापन बनाने और कार्यजीवन संतुलन को बनाए रखने की विभिन्न तकनीकों पर बात की। विशेष रूप से छात्राओं और शिक्षकों को सामना करने वाली बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया।

### बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

**नरवाना**। प्रधानमंत्री के उन्नत भारत का सपना साकार करने की कड़ी में कालेज की प्राचार्या डॉ अंजना ने सभी छात्राओं को उन्नत भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा दिए जाने वाले अभियानों में कॉलेज की छात्राओं ने उन्नत भारत अभियान की नोडल अधिकारी डॉ शालू सचदेवा के नेतृत्व में इस्माइलपुर में राजकीय शिक्षा स्कूल में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने के लिए स्कूल के बच्चों को कॉपी कलर बुक पेन पेंसिल कलर शार्पनर और रबड़ बांटी । कॉलेज की छात्राओं ने सहयोग दिया। ताकि वो भी आगे बढ़ कर समाज के लिए काम कर सके। स्कूल स्टाफ बबीता, शीला मैडम, नथू रामए मनोज व अन्य टीचर उपस्थित रहे। और इसी श्रृंखला में सनातन धर्म महिला कालेज ने आज कॉलेज में स्वालंबी भारत के सपने को पूरा करने को उन्नत भारत अभियान के तहत जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करने के लिए सिलाई मशीन का वितरण किया गया।


नरवाना। बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। कुसुम खटकड़ को मिठाई खिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना की कुसुम आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी बनी

**जींद**। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा कुछ दिन पहले आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी (एएमओ) का परिणाम घोषित किया है। जिसमें जुलाना की कुसुम खटकड़ ने जींद जिले में प्रथम एवं हरियाणा में 29वां रैंक प्राप्त किया। जिसे लेकर पूरे जुलाना व कुसुम के परिवार में खुशी का माहौल है। पिता राज सिंह व पूर्व नपा वाइस चेयरमैन चाचा विजय अनुसार कभी भी लड़का-लड़की को लेकर भेदभाव नही किया। बेटी भी पढ़ाई को लेकर समर्पित थी। इसी समर्पण की भावना से उसने मुकाम को हासिल किया। भावुक दादी ओमपती ने कहा कि उनके घर से कुसुम पहली डाक्टर बनी है। डा. कुसुम ने अपनी पांचवी से दसवीं तक की शिक्षा जुलाना स्थित रोहिला सैकेंडरी स्कूल से प्राप्त की थी। उधर विद्यालय मुख्याध्यापिका निर्मल रोहिला ने बताया कि कुसुम ने विद्यालय के 2013 बैच से 93 प्रतिशत अंकों से दसवी कक्षा मैरिट में उत्तीर्ण की थी।


नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना**। के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में गतिविधि सप्ताह के अंतर्गत संगीत विभाग एवं पंण्जसराज संगीत परिषद द्वारा गायन प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर रविंद्र राही के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया । इसके माध्यम से जीवन को सरल बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से बहुत ही मधुर गीत गाए। इसमें प्रथम स्थान पर प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की तरुणाए द्वितीय स्थान पर भी अंतिम वर्ष की श्वेता तथा तीसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष के मोनू रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र सिंहए जगबीर ढुहनए तथा सुल्तान सिंह ने निभाई।

## नीतू ने लिखा सबसे सुंदर निबंध

■ प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान की अध्यक्षता में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय पीजी कालेज जींद के हिंदी विभाग द्वारा शनिवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सृजनात्मक लेखन कौशल को बढ़ावा देना तथा हिंदी भाषा के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि निबंध लेखन न केवल विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है बल्कि यह तार्किक चिंतन और भाषा पर पकड़ को भी मजबूत करता है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और हिंदी विभाग के प्रयासों की सराहना की। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नीतू, दूसरे स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा विधि और तीसरे स्थान पर बीए प्रथम वर्ष का छात्र रोहित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी विभाग अध्यक्ष नरेंद्र, सतीश कुमार, डा. शीला दहिया, ममता, डा. किरण बाला, प्रमिला का सराहनीय योगदान रहा।


जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


जुलाना। राजगढ़ गांव में लड़की के जन्म पर कुंआ पूजन करते महिलाएं।

### लड़की के जन्म पर किया कुआं पूजन

**जुलाना**। जुलाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में लड़की के जन्म पर कुआं पूजन किया गया। कार्यक्रम में ढोल नगाड़ों के साथ खुशी मनाई गई और पूरे गांव को भोज करवाया गया। लड़की के पिता मोमिन ने बताया कि उनका परिवार लड़का और लड़की में कोई फर्क नही मानता है। आज के समय में लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही हैं। लड़की की माता गुलिस्तां ने बताया कि लड़कियां एक नही बल्कि दो घरों का नाम रोशन करती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर राजकला ने कहा कि अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज में लड़कियों के बिना कुछ नही है। चाहे खेल का मैदान हो या शिक्षा, हर जगह लड़कियां लड़कों से आगे हैं। हमें लड़कियों की परवरिश लड़कों की तरह करनी चाहिए। सुशीला, सुदेश, आंगनवाड़ी वर्कर सुमन आदि मौजूद रही।

### आर्यन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया

# होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शनिवार को नर्सरी से नौवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत ही अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता का परिचय दिया। ये सफलता उनके पूरे वर्ष की मेहनत का ही परिणाम है। जिसके लिए विद्यालय के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र गर्ग व प्रधानाचार्या तृप्ता ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बहुत.बहुत बधाईयां दी। कक्षा पहली में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे याचना, नूरप्रीत, स्वाति, सिमरत द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे साहिल, यश, अंश, कोहिनूर चाहत, वंशु । कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे एंजल अवनी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे कमलप्रीत, प्रतीक, निकेत । कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान पर कुंज लक्षित, प्रतीक, यश द्वितीय प्राप्त करने वाले बच्चे दीक्षाए दिव्या, रितिका सारिका। कक्षा चौथी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे माही ,वन्या सिमरन मनजोत द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे माहीए सिमरन, नवीन, सावन। कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे अभय, दीक्षा, जानवी ,कनिष्क एतन्वी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे नव्या अनामिका। कक्षा छठी में प्रथम स्थान पर तनु द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी रजत, प्रीत। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे गरीना द्वितीय स्थान पर निधि। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान पर जिया द्वितीय स्थान पर मनप्रीत। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान पर इशिका व साक्षी द्वितीय स्थान पर नेहा। ननौवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे खुश ,प्रीत अंतिम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रभजोत व समीर। अपने बच्चों के इस परिणाम से सभी अभिभावक बहुत ही खुश थे। कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे बच्चे आर्यन पब्लिक स्कूल हथो में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसी प्रकार छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों में से भी बहुत बच्चों ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं। इसके लिए प्रधानाचार्य अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बहुत सराहना की और बधाई का पत्र कहा गया। तथा साथ ही अभिभावकों को भी उनका विश्वास बनाए रखने का विश्वास दिलाया कि हम उनके बच्चों को आने वाले समय में भी बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त करवा कर भविष्य उज्जवल बनाने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रखेंगे।


नरवाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। गोशाला में बीमार पशु के इलाज में मदद करते स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

### बेजुबान पशुओं के दर्द को समझें

**जींद**। छोटू राम किसान कालेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के छठे प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू द्वारा सभी विद्यार्थियों को जन सेवा के साथ-साथ पशु पक्षियों की सेवा का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि सभी का यह कर्तव्य है कि वे बेजुबान पशुओं का दर्द समझें व पर्यावरण में उनके सहयोग के महत्व को समझते हुए उनकी सेवा करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डा. रविंद्र द्वारा सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया व जनकल्याण की योजनाओं के लिए सरकार का सहयोग देने के लिए कहा गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा स्थानीय गौशाला में बीमार पशुओं की देखभाल की व श्रमदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा के महत्व पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण करते हुए

### ओएसडीएवी विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में आयोजित पंचदिवसीय आर्य युवा वैदिक चेतना एवं योग शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत चंडीगढ़ ले जाया गया। इस भ्रमण में कुल 191 शिविरार्थी शामिल हुए, जिनमें चार वर्गों के बालक एवं चार वर्गों की बालिकाएं सम्मिलित थीं। विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ स्थित रॉक गार्डन का अवलोकन किया और वहां की अद्भुत कलाकृतियों से प्रेरणा लेते हुए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की अवधारणा को भली-भांति समझा। इस भ्रमण के माध्यम से उन्होंने सीखा कि किस प्रकार सामग्रियों का पुनः उपयोग कर उन्हें सुंदर एवं उपयोगी वस्तुओं में बदला जा सकता है।

### गांव सेरधा में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव सेरधा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव सेरधा के राजेश कुमार ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मार्च को अजय विक्रम और शेषा ने मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने एक युवती को पहले फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा पुंडरी के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मार्च को विजय नामक युवक उसकी 23 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सोनिका ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी

**कैथल।** गांव क्योड़क ईंट भट्ठा के निकट हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव नौच के मोहित ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 मार्च को जब वह क्योड़क के र्इंट भट्ठा के निकट से जा रहा था तो सीसा फौजी, शौकी व एक अन्य मिलकर उसे पर लाठी, बिंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिय। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### त्रिवार्षिक राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन प्रारंभ : दलेल

**कैथल।** राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का दो दिवसीय 22वां त्रिवार्षिक राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन खनौरी रोड़ स्थित महर्षि बाल्मिकी सामुदायिक भवन में विधिवत रूप से शुरू हुआ। अध्यक्षता राज्य प्रधान धर्मपाल व राज्य वरिष्ठ उपप्रधान शिवकुमार ने व मंच संचालन राज्य महासचिव दलेल राणा ने किया।

---

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह

# युवा वर्ग के प्रयासों से बनेगा नया भारतः जस्टिस श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इक्कीसवीं सदी का भारत, नया भारत युवा वर्ग के प्रयासों से बनेगा। यदि युवा वर्ग मन में संकल्प कर ले तथा नए भारत के निर्माण के कार्य में अपना योगदान दे, तो भारत विश्वगुरू बन वैश्विक ख्याति अर्जित कर सकता है। एनआई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन के चैयरमेन रिटायर्ड जस्टिस डॉ.प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने आज ये उद्गार एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने दीक्षांत भाषण में व्यक्त किए। श्रीवास्तव ने युवा वर्ग से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सक्रिय रूप से खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने



**कैथल।** रिटायर्ड जस्टिस डॉ.प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को सम्मानित करते अधिकारी।

कहा कि युवा वर्ग, विद्यार्थियों को, स्वयं जागना होगा तथा समाज को जगाना होगा। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारा जन्म भारत जैसे गौरवशाली देश में हुआ है। इस राष्ट्र में ज्ञान की, कर्म की पुरानी परंपरा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में निर्धारित परिधान भी भारतीयता का परिचायक है। मुख्यातिथि डॉ.प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय समाज के विकास और ज्ञान का केन्द्र बन कर उभरा है, इसके लिए पूरा विश्वविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है।

### 117 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की

विवि के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में पीएचडी सहित स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के 117 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। डिग्री मिलने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खिले रहे।दीक्षांत समारोह में मंच संचाल डॉ एकता चहल ने किया। दीक्षांत समारोह में आभार प्रदर्शन डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो आर के गुप्ता ने किया। दीक्षांत समारोह का आरंभ सभागार में शैक्षणिक शोभा यात्रा के प्रवेश से तथा समापन शैक्षणिक शोभा यात्रा के प्रस्थान से हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि इग्नू रिजनल सेंटर के निदेशक डॉ.धर्मपाल सिरोही उपस्थित रहे। चेयरमैन संदीप चहल, निदेशक डॉ.बलराज ढांडा, डॉ.संदीप चहल, विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ राजीव दहिया, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. मंजीत जाखड़, डा. मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों में नामांकन के लिए किए जा रहे पुरजोर प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सरकारी स्कूल सोंगल में प्रवेश उत्सव के तहत विद्यालय में एक विशेष कार्य योजना बनाई गई है जिसको कार्य रूप देने के लिए ग्राम पंचायत, स्कूल प्रबंधन कमेटी और विद्यालय का स्टाफ अपनी पुरजोर ताकत से अमली जामा पहनाने का प्रयास कर रहा है। विद्यालय की टीम ने लक्ष्य बनाया है कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए जो



स्कूल स्टाफ सदस्य लोगों को जागरुक करते हुए।

बच्चे आसपास के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं उन्हें सरकारी विद्यालय की विशेषताएं बताकर सरकारी स्कूल की सुविधा गीनाकर और उपलब्धियां दिखाकर विद्यालय के प्रति प्रेरित किया जाए। प्राचार्य सुरेश राविश ने यह कार्य योजना सरपंच मीना कुमारी एस एम सी प्रधान प्रवीण कुमार और पूरे विद्यालय के स्टाफ के सहयोग से बनाई है जहां एक तरफ ग्राम पंचायत के सभी सदस्य और सरपंच अपने-अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं वहीं एमसी के सदस्य भी अपने तरीके से बच्चों को विद्यालय में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# जेआरसी बच्चों के लिए एक न्यायपूर्ण दुनिया बनाने की लड़ाई लड़ रहा : सुरिंदर सिंह मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर तीखी टिप्पणियों के साथ सुप्रीम कोर्ट की रोक को गैरसरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण की दिशा में अहम कदम करार दिया है। शीर्ष अदालत ने इस फैसले के खिलाफ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते उसे पीड़ित की पैरवी की इजाजत दी है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) इस कानूनी लड़ाई की अगुआई करेगा ।

# फरल में राजपूत समाज ने किया रोष प्रदर्शन सांसद रामजीलाल से कि माफी की मांग

■ राजपूतों ने अपने खून से इतिहास लिखे है : विक्की राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव फरल में क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में राजपूत समाज के लोगों ने एकत्रित होकर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा वीर शिरोमणि राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके बयान को अपमानजनक बताया और तुरंत माफी की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व विक्की राणा ने किया। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज ने



**पूंडरी।** गांव फरल में रोष प्रदर्शन करते राजपूत समाज के लोग।

देश के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं। राणा सांगा जैसे वीर योद्धा, जिन्होंने 100 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की, उनका इतिहास गौरवशाली रहा है। ऐसे वीरों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेतन राणा ने कहा कि भारत सरकार को ऐसे सांसदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जब तक सांसद रामजीलाल सुमन सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक क्षत्रिय समाज शांत नहीं बैठेगा।राणा सांगा जिन्हें महाराणा सांगा के नाम से भी जाना जाता है, मेवाड़ के महान शासक थे।

## सरकार स्कूलों में प्रदान कर रही विशेष सुविधाएं

# गाँव वासियों को स्कूल की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी

विद्यार्थियों ने निकाली नामांकन अभियान रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल में नामांकन अभियान के तहत ढाण्ड के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया । रैली से ग्रामवासियों को सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं का प्रचार गांव में किया गया तथा गाँव वासियों को स्कूल की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हिंदी अध्यापक रोशनलाल पंवार ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में संख्या वृद्धि के लिए सरकार के नामांकन अभियान प्रवेश उत्सव समारोह को सफल बनाने के लिए नामांकन अभियान रैली का आयोजन किया गया । उन्होंने बताया कि सरकार



नामांकन रैली निकालते राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड के विद्यार्थी।

द्वारा सरकारी स्कूलों में बहुत सुविधाएं प्रदान की जा रही है । विद्यालयों में प्रशिक्षित तथा योग्य अध्यापकों की तैनाती की गई है वहीं अच्छे भवन, लाइब्रेरी, खेल का मैदान, सुरक्षा की गरीब परिवारों के बच्चों को मासिक तथा वार्षिक छात्रवृति प्रदान की जाती है। इसके अलावा सरकारी विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढाण्ढ के पिछले दो शैक्षणिक सत्रों में लगातार चार चार लड़कियों ने एनएमएमएस की परीक्षा पास करके छात्रवृत्ति प्राप्त की। इन छात्राओं को प्रति वर्ष बारह हजार रुपये हर साल अगले 4 साल तक मिलेंगे। मुख्याध्यापक राजीव ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई का बहुत अच्छा वातावरण है विद्यार्थियों को सरकार की ओर से निःशुल्क पुस्तकें तथा मिड डे मील की व्यवस्था की गई है इसके अलावा एक किलोमीटर से अधिक दूर से आने वाले छात्रों के लिए परिवहन व्यवस्था का प्रबंध किया गया है ।

## कन्या कॉलेज में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र संघ कॉमेको का उद्घाटन

# पेशेवर लक्ष्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र संघ कॉमेको का उद्घाटन किया गया। इस संघ की अध्यक्ष डॉ. विनय खुरानिया, वाणिज्य विभाग की प्रमुख, उपाध्यक्ष डॉ. मीनू सिंगल, एसोसिएट प्रो. अर्थशास्त्र विभाग, सचिव डॉ. वंदना, असिस्टेंट प्रो. वाणिज्य विभाग व कोषाध्यक्ष कि रनजोत, असिस्टेंट प्रो. वाणिज्य विभाग हैं। प्राचार्य डॉ. अमिता ने दीप



कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण व कन्या महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य।

प्रज्वलित कर कॉमेको संघ का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मंच का संचालन डॉ. मीनू सिंगल ने किया जिसमें उन्होंने छात्राओं को इस संघ का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि इस संघ द्वारा समय-समय पर आयोजित प्रतियोगिताओं व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं का वाणिज्य व अर्थशास्त्र विषय में ज्ञानवर्धन होगा और यह संघ उनके कौशल निर्माण व आजीविका के अवसर ढूंढने में भी मदद करेगा। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अमिता ने कहा कि टीमवर्क व सहयोग से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा हमें लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाती है।

इसके पश्चात उन्होंने वाणिज्य और अर्थशास्त्र के क्षेत्र से संबंधित अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किये और छात्राओं को अपने शैक्षणिक व पेशेवर लक्ष्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वदीप शर्मा, स्मार्ट ट्रेनर सेबी एसईबीआई रहे।

# आरकेएसडी स्कूल में प्रधानाचार्या सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा की सेवानिवृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रीति शर्मा ने 31 वर्षो की लंबी अवधि तक स्कूल में अपनी सेवाएं दी है 1994 से 2025 तक के अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ स्कूल की उन्नति में योगदान दिया है। सीबीएसई के सीएनएस व स्कूल कोर्डिनेटर के पद पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने अपनी अभूतपूर्व सेवाएं भी दी है। उनकी अनवरत व सफल सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित



**कैथल।** सेवानिवृति पर प्रधानाचार्या प्रीति शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी ।

करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन अश्विनी शोरेवाला, चेयरमैन एकेडमिक अफेयर्स सतीश बंसल, चीफ एडवाइजर साकेत मंगल, पैट्रन चंद्रभान किठानिया, प्रधान सरल शांत मंगल, पंकज बंसल, श्याम बंसल, सुनील चौधरी, चन्द्र गुप्त गोयल, वीडी गुप्ता, एससी कोशिक, नवनीत गोयली, वीके सिंह गुप्ता, जगदीश कोलिया, राजेश मौजूद रहे।

## शनिवार को पूंडरी में निकाली विशाल निशान यात्रा

# श्याम मित्र मंडल का 5वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

श्री श्याम मित्र मंडल फतेहपुर-पूंडरी द्वारा रविवार को पूंडरी के रजनी रॉयल पैलेस में 5वां विशाल श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति का आनंद उठाएंगे। महोत्सव से पूर्व शनिवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूंडरी के दानामल धर्मशाला से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस यात्रा से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसके उपरांत विधायक सतपाल जांबा के भाई शीशपाल



बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु।

जांबा ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा ने पूंडरी के मुख्य बाजार, हुडा सेक्टर, अनाज मंडी, बस स्टैंड आदि प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल रजनी रॉयल पैलेस में सम्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में बाबा श्याम के जयकारों के साथ भक्ति रस में डूबकर निशान यात्रा निकाली। श्याम जागरण के दौरान भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर से प्रसिद्ध कलाकार बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। जागरण में प्रसिद्ध गायक दर्पण शर्मा, बहादुर सैनी तथा राजस्थान की ख्यातिप्राप्त गायिका रजनी राजस्थानी अपनी मधुर भजनों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. बलविंदर मैहला व जितेंद्र सरपंच ने बताया कि इस भव्य जागरण में पूंडरी शहर सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। इस शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तजनों के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे और कार्यक्रम के दौरान इत्र व पुष्प वर्षा की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा शामिल होंगे।इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य व भक्तगण तैयारियों में जुटे हुए हैं। पर प्रभात गोयल, राजेश चेयरमैन बरसाना, राकेश गर्ग, डॉ राकेश कुकरेजा, हर्ष सेठी मौजूद रहे।

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मटकालिया में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। इस हादसे में कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारी। इस टक्कर से ही बाइक सवार की मौत हुई। गुहला थाना में दी गई शिकायत में गुहला के खुशहाल ने बताया कि 27 मार्च को वह और उसके 50 वर्षीय पिता कर्मबीर बाइक पर सवार होकर मजदूरी करने के लिए मटकालिया व अगौंध गए थे। वह खुद मटकालिया और उसका पिता अगौंध में काम के लिए गए थे। जब शाम को अपने घर वापस आने के लिए उसका पिता उसे मटकालिया गांव लेने के लिए आ रहा था और गांव के बस अड्डे पर पहुंचा तो अज्ञात कार ड्राइवर ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए कैथल अस्पताल लेकर गए, जहां से डॉक्टरों ने उसको पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। चोटें ज्यादा होने के कारण इलाज के दौरान उसके पिता की मौत हो गई।

### मामला दर्ज

गुहला थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पेंशन कटौती को सहन नहीं करेगा: धर्मवीर फोगाट

**कैथल।** केंद्रीय संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सीसीएस (पेंशन) नियमों और सिद्धांतों का सत्यापन वित विधेयक 2025 के भाग के रूप में 25 मार्च को लोकसभा में पारित किया। जिसके अनुसार 31.12.2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों तथा पूर्व के पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित कर दिया गया है। दूसरी ओर इसी दिन लोकसभा के माननीयों के वेतन में 24% वृद्धि, न्यूनतम पेंशन 25000 से 31000 किया तथा दैनिक भत्ता 2000 से बढ़ाकर 2500 किया गया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्याध्यक्ष धर्मवीर फोगाट, महासचिव नरेश कुमार, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान प्रभु सिंह, महासचिव रामपाल शर्मा मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के महासचिव जरनैल सिंह हेमसा के महासचिव हितेंद्र सिहाग व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सरकार के पेंशन संबंधी विधेयक पारित कर सत्ता का चरित्र उजागर कर जनता के प्रति जवाबदेही को दशार्ता है। कर्मचारियों को 2% महंगाई भत्ता भी इसी चाल चरित्र को प्रदर्शित करता है। सर्व कर्मचारी संघ यूनिफाइड पेंशन योजना जो प्रथम अप्रैल को लागू करने जा रहा है को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करता है।

## मेले को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह

डेरे में काली माता बाजीगर समाज की कुलदेवी का मंदिर

# डेरा सुर्यकूंड में दो दिवसीय विश्व प्रसिद्ध मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के माता गेट स्थित डेरा सुर्यकूंड में शनिवार को दो दिवसीय विश्व प्रसिद्ध मेले की शुरूआत हुई। बता दें कि यह मेला चैत्र नवरात्र पर अमावस्या पर लगता है। इसके बाद पहले नवरात्र पर शाम के समय इस मेले का समापन होगा । डेरे में काली माता मंदिर बाजीगर समाज की कुलदेवी का मंदिर है। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां काली के दरबार में माथा टेका और मनोकामनाएं मांगी। मेले को पुलिस की ओर से भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 50 से अधिक पुलिसकर्मी व 200 सेवादारों को व्यवस्था बनाने के लिए लगाया गया था। इस दौरान सीवन गेट से माता गेट और हिंद सिनेमा से माता गेट जाने वाले रास्ते को पूरी तरह से बंद किया गया था।

### मंदिर का इतिहास

डेरे के महंत रमन पुरी महाराज ने बताया कि करीब 150 वर्ष पहले सूर्यकुंड डेरे में पंजाब निवासी बाजीगर समाज का एक बुजुर्ग व्यक्ति यहां पर विश्राम करने के लिए ठहरा। उसने पूरी रात यहां पर बिताई। यहां पर काली माता ने बुजुर्ग को सुबह के समय दर्शन दिए। उन्होंने कहा कि आज के बाद से हर वर्ष चैत्र नवरात्र पर्व के पहले दिन बाजीगर समाज के लोगों की पूजा-अर्चना करने पर वे उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगी। तभी से यह मंदिर बाजीगर समाज के लोगों के लिए कुल देवी का मंदिर बन गया। बाजीगर समाज में विवाह होने के बाद सबसे पहले नवविवाहित जोड़ा इस मंदिर में माथा टेकता है और उसके बाद ही गृहस्थ जीवन में प्रवेश करता है।

### डेरे का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा

महंत ने बताया कि इस डेरे का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। यह कुरुक्षेत्र की 48 कोस की परिधि का तीर्थ है। प्राचीन मान्यता के अनुसार महाभारत काल में ज्येष्ठ पांडव पुत्र युधिष्ठिर ने कैथल में ही नवग्रह कुंडों की स्थापना की थी। इनमें से सबसे बड़ा कुंड सूर्यकुंड के नाम से स्थापित किया गया था। इसके साथ ही यहां पर स्थित माता काली देवी के मंदिर को बाजीगर समाज की कुलदेवी माना जाता है। इसलिए यहां बाजीगर समाज के लोग ज्यादा संख्या में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप


राजौंद। एक बैग में पर्स पैसों से भरा हुआ वापिस करते हुए।

### परिचालक जोगेंद्र ने रुपयों से भरा बैग लौटाया

**राजौंद**। हरियाणा रोडवेज चंडीगढ़ में परिचालक जोगिंदर सिंह निवासी राजौद ने एक अनोखी ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए एक बैग में पर्स पैसों से भरा हुआ मोबाइल, लाखों रुपए के गहने, एक बहन को वापस लौट कर ईमानदारी का परिचय दिया। हरियाणा रोडवेज बस में दिल्ली से चंडीगढ़ आते समय एक बहन मीनाक्षी रावत खरड़ पंजाब से जल्दबाजी गलती से अपना बैग भूल गई थी। बैग में पर्स पैसों से भरा हुआ एक मोबाइल लाखों रुपए के गहने थे बैग में मोबाइल बंद था। उन्होंने जोगिंद्र ने बताया की मोबाइल को चार्ज लगाकर जब ऑन किया तो मोबाइल पर बहन का फोन आया तो उसने अपने सामान के बारे में सभी घटना बता दे वह बहुत उदास हो रही थी।

### मत्स्य संपदा योजना के तहत वित्तीय सहायता

**कैथल**। डीसी प्रीति ने कहा कि किसानों और मछली पालन का व्यवसाय करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। सरकार द्वारा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। डीसी ने कहा कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी का ठहराव होता है या भूमि बंजर है।

### गोपाल विद्या मंदिर का दूसरे चरण का परिणाम जारी

**जींद**। विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय ने शनिवार को दूसरे चरण में छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया। विद्यालय प्रांगण में पधारने पर मेघा, मुकेश व सुश्री ज्योत्सना ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य अजय ने कहा कि शुक्रवार को विद्यालय ने प्रथम चरण में प्राथमिक कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया है।

### ईद अवकाश को प्रतिबंधित का दर्जा देना उचित

**कैथल**। भारत की संस्था अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ की एक बैठक में चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने ईद अवकाश को प्रतिबंधित पास करना एक उचित कदम है। हिन्दू व सिख धर्म में भी कई प्यौहारों के अवकाष भी प्रतिबंधित है। अखिल भारतीय हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय सचिव पवन शर्मा एडवोकेट ने बताया कि मुसलमान, हिन्दू व सिक्खों के कौन से प्यौहार को मनाते है। कोई भी मुसलमान दिवाली, होली, दषहरा व अन्य राष्ट्रीय को नहीं मनाते। फाग तक यह लोग पंसद नहीं करते जो कि भाई चारे का प्रतीक माना जाता है। हमारी गऊमाता को भी माता नहीं मानते जिसका ये दूध पीते हैं। हमारी भारत माता को माता बोलना यह लोग पंसद नहीं करते। इस प्रकार हरियाणा सरकार ने ईद को प्रतिबंधित अवकाश देकर एक बहुत अच्छा कदम व उचित काम किया है।

# नई अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के प्रबंध : संदीप पूनिया

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुचारू रूप से की जा रही सरसों की खरीद

- खरीद प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर अब तक किसानों द्वारा नहीं कार्रवाई गई कोई शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों की बेहतरी और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अनाज मंडियों में कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न सेवाओं का विस्तार किया गया है। यह खरीद प्रक्रिया नैफेड द्वारा नियुक्त सर्वेयर की निगरानी में चल रही है।

मार्केट कमेटी के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी संजीव जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि फसल खरीद के चलते मंडी में आने वाले किसानों के लिए 8 वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही अटल किसान मजदूर कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। जहां मात्र 10 रुपये प्रति थाली में किसानों और मजदूरों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के आराम और ठहरने के लिए मंडी में किसान विश्राम गृह की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मंडी में किसानों की सरसों की खरीद, सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है। अब तक किसी भी किसान ने सरसों खरीद को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

### 108 किसानों से 1416 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी

हैफेड जिला प्रबंधक संदीप पूनिया ने जानकारी देते बताया कि नई अनाज मंडी जींद में हैफेड द्वारा सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पारदर्शी और सुचारू रूप से की जा रही है। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए गत दिवस तक 108 किसानों से 1416 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी हैए जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा। खरीद प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नैफेड द्वारा सर्वेयर की नियुक्ति की गई है, जो खरीद कार्य की निगरानी कर रहा है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खरीद सुचारू रूप से हो और किसानों को समय पर उनके भुगतान प्राप्त हों। उन्होंने बताया कि सरसों खरीद प्रक्रिया में किसी भी अनियमितता को लेकर अब तक किसानों द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है।

कॉर्पोरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी के मैनेजर रत्नदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि जींद मंडी में सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे किसानों से की जा रही है। यह खरीद नैफेड द्वारा अधिकृत सर्वेयर की उपस्थिति मेंए मार्केट कमेटी द्वारा जारी किए गए गेटपास के आधार पर पूरी पारदर्शिता से संपन्न हो रही है। गत दिवस तक कुल 108 किसानों से 1416 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें 20 मार्च को एक किसान से 11 क्विंटल, 24 मार्च को 17 किसानों से 226 क्विंटल, 25 मार्च को 18 किसानों से 200.50 क्विंटल, 26 मार्च को 22 किसानों से 341.50 क्विंटल, 27 मार्च को 16 किसानों से 224 क्विंटल और 28 मार्च को 34 किसानों से 413 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि यह खरीद प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और तय मानकों के अनुरूप की जा रही है।

## नवरात्र आज से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेंगे

# चैत्र नवरात्र को लेकर सजे मंदिर

## अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि के अद्भुत संयोग से शुरू

- 31 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा की पूजा एक ही दिन करेंगे श्रद्धालु
- श्रद्धालुओं के लिए विशेष फलदायी होंगे चैत्र नवरात्र
- नवरात्र पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी : नवीन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चैत्र नवरात्र रविवार से शुरू होने जा रहे हैं। नवरात्र पर्व को लेकर बाजार मां भगवती को अर्पित किए जाने वाली सामग्री से सज गया है। प्रत्येक दुकान पर लाल चुनरी, नारियल, श्रृंगार, प्रशाद को देखा जा सकता है। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों के बाहर प्रशाद तथा फूलों की दुकानें भी सज गई हैं। श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना सामग्री की खरीददारी करते देखा गया। नवरात्रों के मध्य नजर प्रसिद्ध जयंती देवी मंदिर, सोमनाथ मंदिर, प्राचीन भूतेश्वर मंदिर, रघुनाथ मंदिर, माता वैष्णवी धाम में नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है और उन पर रंग बिरंगी बिजली की लड़ियां लगाई गई हैं। मंदिर प्रांगण की सजावट के अलावा मूर्तियों का श्रृंगार भी किया गया है। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई दिक्कत न आए इसके लिए सेवादारों की डयूटियां लगाई गई हैं।



जींद। नवरात्र पर्व को लेकर भव्य तरीके से सजाया गया जयंती देवी मंदिर व माता वैष्णवी धाम में मां भगवती की प्रतिमा की सफाई करते हुए आचार्य पवन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### अबकी नवरात्र आठ दिन के होंगे

अबकी नवरात्र नौ दिन की बजाए आठ दिन के होंगे। क्योंकि 31 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा की पूजा श्रद्धालु एक ही दिन में करेंगे। श्रद्धालु 30 मार्च रविवार को मां शैलपुत्री, 31 मार्च सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, एक अप्रैल मंगलवार को मां कूष्मांडा, दो अप्रैल बुधवार को मां स्कंदमाता, तीन अप्रैल गुरूवार को मां कात्यायनी, चार अप्रैल शुक्रवार को मां कालरात्रि, पांच अप्रैल शनिवार को मां महागौरी, छह अप्रैल रविवार को मां सिद्धिदात्री, रामनवमी होगी।

### नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूरी: नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के अंदर रेलिंग तथा बाहर बेरीगेट्स लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। इस बार चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास हैं। क्योंकि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का अद्भुत संयोग बनेगा। नवरात्रि के पहले दिन इंद्र योग और रेवती नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्र के पहले दिन दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इंद्र योग संध्याकाल 05 बजकर 45 मिनट तक है। इसके साथ ही संध्याकाल 04 बजकर 35 मिनट से सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। इंद्र योग में देवी मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होगा।

### यह रहेगा घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्र को लेकर घट स्थापना का शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 06 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ होगा और सुबह 10 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। इसके बाद घटस्थापना का अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना की कुल अवधि 50 मिनट की रहेगी।

### इस तरह करें श्रद्धालु कलश यात्रा

श्रद्धालुओं कलश की स्थापना मंदिर के उत्तर-पूर्व दिशा में करनी चाहिए और मां की चौकी लगा कर कलश को स्थापित करना चाहिए। सबसे पहले उस जगह को गंगा जल छिड़क कर पवित्र कर लें। फिर लकड़ी की चौकी पर लाल रंग से स्वास्तिक बना कर कलश को स्थापित करें। कलश में आम का पत्ता रखें और इसे जल या गंगाजल भर दें। साथ में एक सुपारी, कुछ सिक्के, दूर्वा, हल्दी की एक गांठ कलश में डालें। कलश के मुख पर एक नारियल लाल वस्त्र से लपेट कर रखें। चावल यानी अक्षत से अष्टदल बना कर मां दुर्गा की प्रतिमा रखें। इन्हें लाल या गुलाबी चुनरी ओढ़ा दें। कलश स्थापना के साथ अखंड दीपक की स्थापना भी की जाती है। कलश स्थापना के बाद मां शैलपुत्री की पूजा करें।

# नवरात्र से मिलती है शक्ति और आस्था : श्याम सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मां भगवती के नवरात्र चैत्र और आश्विन मास में दो बार आते हैं। इस अवसर पर देवी के मंदिरों को खूब सजाया जाता है। देवी के नो रूपों की आराधना की जाती हैं। जहां जहां पर शक्ति के अंग गिरे थे, वहीं पर ही 51 पीठ बने। श्रद्धालु मंदिरों में जाते है। दर्शन करके कृतार्थ हो जाते हैं। ज्योतिषाचार्य व संगीतज्ञ श्याम सुंदर गौड़ ने नवरात्र पर्व बारे बताया कि मां भगवती मनोकामना पूर्ण करती है। राक्षसों की ओर से पीड़ति देवताओं की रक्षा मां शक्ति देवी ने ही की थी । ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने अपनी शक्ति देकर भगवती को अधिक सशक्त बनाय। ऐसा हिंदू ग्रंथों में वर्णन मिलता है। देवी भागवत पुराण में काफी मां के विषय में प्रकाश ड़ाला गया है। शुंभ, निशुंभ, रक्तबीज, महिषासुर, आदि राक्षसों को संहार किया था। अलग-अलग रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्म चारिणी, चन्द्रघ्न्टा, कूष्माणा, स्कन्द माता, कात्यानी, कालरात्री, महागौरी,और सिद्धि दात्री, नारायणी , भद्रकाली, मांतगी, कराली, पार्वती, ऊमा, वाराही, चामुण्ड़ा, लक्ष्मी, काली, देवमाता, मंगला, शिवघातृ विजया, कौमरी, मघुकैटभ संहारी। धन धान्य,सुत , जया देने वाली। कामाया, बाला सुन्दरी, ज्वाला, पर्वतवासिनी, सिंह वाहिनी, मां मनसा, मां चंडी, विंध्यवासिनी आदि अनेक नामों से यह जानी व पूजी जाती हैं। देवी-देवता श्रद्धा भावना के भूखे हैं। नवरात्र से हमें जहां भक्ति, शक्ति, आस्था प्राप्त होती है, वहीं हमें काफी शिक्षा भी मिलती है।




नवरात्रे पर्व को लेकर सजी हुई दुकानें।

### मंदिरों की तैयारियां पूरी

*नवरात्रे पर्व को लेकर मंदिरों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि नवरात्रे 30 मार्च से शुरू हो रहे है। आचार्य ने बताया की वैसे तो भारत वर्ष में सभी पर्वों की विशेष पूजा होती है,परंतु नवरात्रों की पूजा का विशेष महत्व है। नवरात्रों के दौरान की गई पूजा से भगतों को मां दुर्गा भवानी मन वांछित फल देती है तथा भगतों द्वारा की गई पूजा आराधना से प्रसन्न होकर मां भगवती उनके कष्टों का हरण करती है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष में नवरात्रे पर्व चार बार आते हैं, जिसमें दो बार गुप्त तथा दो बार खुले नवरात्रों की पूजा की जाती है। नौ दिन तक मां भगवती के अलग-अलग रूपों की पूजा कर व्रत रखने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर अपने श्रद्धालुओं को विशेष फल देती है। दुर्गा अष्टमी के दिन श्रद्धालु छोटी-2 कन्याओं की पूजा कर व्रत खोलते हैं। कई लोग नवमी व दसवीं को भी व्रत खोलते हैं।*


कैथल। बाबा शाह कमाल कादरी की दरगाह पर उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# बाबा शाह कमाल कादरी की दरगाह पर सालाना उर्स मेला कव्वालों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक जवाहर पार्क स्थित बाबा शाह कमाल कादरी की दरगाह पर सालाना उर्स मेला शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इस मेले के कार्यक्रम के तहत श्रद्धालुओं ने माथा टेका और कव्वालों ने कव्वालियों से बाबा का गुणगान किया। मेले के दूसरे दिन भी में जिले सहित अन्य जिलों व प्रदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा की दरगाह पर मत्था टेक कर व चादरें चढ़ाकर मन्नतें मांगी। गद्दी नशीन बाबा रजनीश शाह ने बताया कि सबसे पहले बाबा शीतलपुरी डेरे से आई चादर दरगाह पर चढ़ाई जाती है।

**कव्वालियों के माध्यम से किया गुणगान:** तीन दिवसीय उर्स मेले के दूसरे दिन सहारनपुर व दिल्ली से प्रसिद्ध कव्वाल दरगाह में पहुंचे। इसमें दिल्ली नुसरत और सहारनपुर से तसलीन कव्वाल पहुंचे। इन कव्वालों ने अपनी मधुर आवाज से कव्वालियां गाकर बाबा का गुणगान किया। शाम को कव्वालों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

# राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थियों का ट्विनिंग कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए बेलरखा के विद्यार्थियों का ट्विनिंग कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए उझाना का दौरा किया। विद्यालय में पहुंचने पर प्रधानाचार्य रविंद्र मित्तल ने विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीएम श्री विद्यालय का अवलोकन करवाया गयाए जहां उन्होंने शैक्षणिक व संरचनात्मक गतिविधियों को नजदीक से देखा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईंए जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विद्यार्थियों को जलपान कराया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। टीम इंचार्ज संदीप बिसला व बोहती देवी की रही। विद्यालय प्राचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में परस्पर सौहार्द और अन्य विद्यालयों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। साथ हीए यह उनके विचारों को नए सृजनात्मक आयाम प्रदान करता है।




# मनोहरलाल ने प्रदेश की राजनीति की दशा और दिशा को बदला: कंडेला

**जींद**। हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि प्रदेश में मनोहर लाल सरकार ने बिना पर्ची और खर्ची के नौकरी देकर हरियाणा की राजनीति में एक नया बदलाव किया है। इसी प्रकार सभी जिलों में एक सम्मान विकास कर के क्षेत्रवाद रोकने का काम किया है। सरकारी नौकरियों के तबादले ऑनलाइन करके भ्रष्टाचार को रोकने का भी काम किया है। नौकरी व तबादले के लिए अब किसी भी नेता के पास जाने की जरूरत नही है। इसी प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बनते ही 24 हजार नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी देने का काम किया है व अन्य राहत देने का काम किया है। कंडेला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किसानों में भी अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। कंडेला ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से घिरी हुई है। कांग्रेस पार्टी आने वाले चुनाव में खत्म हो जाएगी। टेकराम ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों की सभी मांगों को पूरा करना चाहिए। पंजाब के किसानों के साथ धोखा किया गया है। आने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी।



### एक देश-एक चुनाव के बारे में स्वयंसेवकों को दी जानकारी

**नरवाना**। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन की शुरुआत गीता पाठ और श्लोकों के साथ की गई। मंच संचालन एन एस एस राधा माधव सदन की स्वयंसेविकाओं ने किया। मुख्य वक्ता डॉ युद्धवीर रेढू सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज जींद में राजनीतिक विज्ञान और लोक प्रशासन के विभाग अध्यक्ष रहे। मुख्य वक्ता ने एक देश एक चुनाव के बारे में स्वयं सेविकाओं को बताया। एक देश एक चुनाव का अर्थ है कि देश में एक ही समय में सभी चुनाव आयोजित किए जाएंगे। यह विचार हमारे देश की चुनावी प्रक्रिया को सरल और कुशल बनाने के लिए है। उन्होंने बताया कि एक देश एक चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। यह महिलाओं को राजनीति में भाग लेने और देश के विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। महिलाओं को राजनीति में बढ़ावा देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए काम करना चाहिए। दोपहर बाद के सत्र में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निर्देशक डॉ वजीर सिंह मुख्य वक्ता रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## निपुण मिशन के तहत जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई बैठक का आयोजन

# नए सत्र में प्रवेश अभियान के तहत अधिक से अधिक अपने बच्चों का दाखिला करवाएं : डा. सुभाष चंद्र

### दीक्षा एप पर शिक्षकों की ओर से कम रजिस्ट्रेशन पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत फाउंडेशनल लिटरेशी एंड नयुमरेशी (एफएलएन) द्वारा नई शिक्षण पद्धति से बालवाटिका से पांचवी कक्षा के बच्चों को पढाया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा कक्ष मे खेल-खेल मे शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई (डीपीआईयू) बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने बताया कि जिला स्तर पर डीपीआईयू बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में निपुण हरियाणा मिशन के तहत फाउंडेशनल लिटरेशी एंड नयुमरेशी (एफएलएन) के तहत सही ढंग से कार्य किया जाए। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जिले मे चल रही गत मास की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए इस मास के क्रिया कलापों की जानकारी दी।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

### सभी शिक्षक अपने गांव या शहर का सर्वे करें

डाइट प्रिंसिपल डा. विजयलक्ष्मी ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने खंड के सभी स्कूल मुखिया को आदेश दें कि वे सभी प्राथमिक विद्यालय मुखिया व प्राथमिक शिक्षकों को सख्त आदेश दें कि निपुण एप पर सभी शिक्षकों को कक्षा अलॉट की जाए, शत प्रतिशत नामांकन अभियान को सफल बनाएं, अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की ओर प्रेरित करें, सभी शिक्षक अपने गांव या शहर का सर्वे करे व विलेज स्कूल रजिस्टर को तैयार करें। बाल वाटिका में दाखिला को बढ़ाने के लिए नजदीकी आंगनवाड़ी की मदद लें। क्लास रेडिनेश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीआरसी, एबीआरसी, डाइट स्टाफ की संयुक्त टीम बना कर क्लस्टर विज निरीक्षण किया जाए, प्रत्येक अधिकारी एक दिन मे दो स्कूल चैक करें। दीक्षा एप पर शिक्षकों द्वारा कम रजिस्ट्रेशन पर चिंता जताई ओर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया कि वे संबंधित डीडीओ को आदेश दें कि उसके विद्यालय का हर अध्यापक कोर्स मे भाग लें व इसे पूरा करें।

### बैठक एजेंडा

खंड मे कक्षा बालवाटिका से पांचवी तक की कुल छात्र संख्या, लड़कों की संख्या, लड़कियों की संख्या। बाल वाटिका से पांचवीं तक के कुल कितने बच्चों ने परीक्षा दी, उसका ब्योरा जिन्होंने नहीं दी उसका कारण सहित ब्योरा। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बीपीआईयू बैठक का विस्तृत ब्योरा। खंड में निपुण बच्चों की कुल संख्या, सभी अधिकारियों द्वारा इस माह विजिट किए विद्यालयों की लिस्ट। व्हाट्सअप से जुड़े खंड के शिक्षकों, अफसरों का ब्योरा, मातृभाषा दिवस लिंक न भरने वाले विद्यालयों के नाम व संबंधित डीडीओ द्वारा की गई कार्यवाही, प्रवेश उत्सव, नामांक अभियान सफल बनाने के लिए प्रयास।